हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 01 अप्रैल 2025, समय 1305 (5 मिनट)

आज डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे के नए टर्मिनल का रिमोट का बटन दबाकर शिलान्यास किया और हिसार से अयोध्या जाने वाली पहली उड़ान को रवाना किया। इस अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्र ने कहा कि भारतीय जनता प्रतिम की सरकार विक्षित हरियाणा के लक्ष्य पर पूरी गंभीरता से काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन पीड़ित वंचित व शोषित वर्ग के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है जब हम बाबा साहिब आम्बेडकर की नीतियों को आगे बढ़ाते हुए उनको याद कर रहे है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को बाबा साहब आम्बेडकर को सदैव अपमानित किया है। उनके जीवन में उन्हें हाशिये पर रखने की कोशिस की गयी। प्रधानमंत्री ने वक़्फ़ बोर्ड सम्बंधित किए गए कानून से मुस्लिम समाज को लाभ होगा और आदिवासियों की जमीन को कोई हथिया नहीं सकेगा।

श्री मोदी ने कहा

बाइट पीएम (ऐ)

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति से मुस्लिम समाज की राजनीती ने मुस्लिम समाज को कोई फायदा नहीं पहुंचाया। कांग्रेस सरकार वोट के लिए वक़्फ़ कानून में संसोधन किया। और भूमाफियाओं को फायदा पहुंचाया।

श्री मोदी ने कहा

2 बाइट पीएम

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब भूमाफियाओं की लूट बंद होगी और नए प्रावधानों से वक़्फ़ की पवित्र भावना का सम्मान होगा।

श्री मोदी ने कहा

3 बाइट पीएम (सी)

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का हर दिन हर फैसला हर नीति बाबा साहब आम्बेडकर को समर्पित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी महिलाओं के जीवन में बदलाव लाना और उनके सपनो को पूरा करना उनकी सरकार का मकसद है। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब आम्बेडकर और चौधरी चरण सिंह जी जैसे महान सपूतों की को भारत रतन नहीं दिया। केंद्र ने भारतीय जनता पार्टी के गवाही वाली सरकार बनने पर इन दोनों महँ विभूतियों को भारत रतन से सम्मानित किया गया। श्री मोदी ने कहा कि निरंतर और तेज़ विकास भारतीय जनता

पार्टी की सरकार का मंत्र है और इसी मंत्र पर चलते हुए आज श्री कृष्ण की भूमि हरियाणा से अयोध्या धाम के लिए उड़ान शुरू हुई है। अब हरियाणा प्रभु राम की नगरी से सीधे जुड़ गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहाँ से बहुत जल्दी दूसरे शहरों के लिए भी उड़ाने शुरू होगी। श्री मोदी ने कहा कि हवाई चप्पल पहनने वाला हवाई जहाज में उड़े उनका यह सपना देश में हर तरफ पूरा होता दिख रहा है। श्री मोदी ने कहा कि गत 10 वर्ष में करोड़ों भारतीयों ने जीवन में पहली बार हवाई सफर किया है। श्री मोदी हिसार के बाद यमुनानगर में तापीय बिजली संयंत्र की 800 मेगा वाट की नई यूनिट की आधारशिला रखेंगे। इसके इलावा वो रेवाड़ी बाईपास का उद्घाटन भी करेंगे और मुकरपुर में कंप्रेस्ड बायोगैस की आधारशिला रखेंगे।

****

पोषण पखवाड़ा 2025 के तहत चल रही गतिविधियों के अंतर्गत कल मातृ एवं बाल स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता लाने हेतु केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के सभी 450 आंगनवाड़ी केंद्रों में कई सामुदायिक गतिविधियां आयोजित की गई।